## संक्षिप्त

### पोक्सो एक्ट कानून की दी जानकारी

**पीपलू, (निसं)।** झिराना थाना एएसआई गिरिराज व कांस्टेबल प्रकाश ने ऑपरेशन गरिमा अभियान और राज्यव्यापी ऑपरेशन जागृति चरण 2 अभियान की पालना में सागर कल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय झिराना मे विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी। बालक-बालिकाओं के साथ छेडछाड़, छींटाकशी सहित पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के संबंध में तथा महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देने व गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय परिसर में लगी हुई शिकायत पेटी में गुप्त रूप से सूचना देने की भी जानकारी दी गई।

### अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान

**निवाई, (निसं)।** जलदाय विभाग की ओर से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 7 अक्टूबर से अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 7 अक्टूबर से अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर अवैध नल कनेक्शनों व बकाया बिलों के कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करने के बाद संबन्धित व्यक्तियों पर पुलिस थाने में मुकदमे दर्ज करवाया जाएगा।

### तृतीय सोपान षिविर प्रारम्भ

**फागी, (निसं)।** भारत स्काउट गाइड तृतीय सोपान षिविर का आज कस्बे के एक निजि विद्यालय में प्रारम्भ हुआ। षिविर प्रभारी रामजीलाल जाट ने बताया कि षिविर का उदघाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष रंगलाल मानहाला व थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने ध्वजारोहण के साथ किया। जाट ने बताया कि स्थानीय संघ सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि फागी एवं माधोराजपुरा क्षेत्र के कुल 21 विद्यालयों के 311 स्काउट व गाइड एवं 31 दल प्रभारी भाग ले ते हुए प्रषिक्षण दल प्रभारी हनुमान गूर्जर प्रभारी ने बताया कि 13 प्रषिक्षक प्रषिक्षण देंगे जिसमें कोशाध्यक्ष टीकमचंद सैनी सहित 16 अध्यापक प्रतिनियुक्ति पर है। उदघाटन समारोह में माधोराजपुरा स्थानीय संघ सचिव बजरंगलाल मीणा कोशाध्यक्ष कजोडमल बैरवासहित अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।षिविर समापन 9 अक्टूबर को होगा।

### युवा वर्ग करेगा माताजी का चौका

**मालपुरा, (निसं)।** पारसनाथ दिरम्बर जैन मंदिर मालपुरा मे ससंघ विराजित चातुर्मास कर रही आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी व सुरम्य मति माताजी के प्रभाव से प्रभावित होकर मालपुरा मे पहली बार युवा पुरूष वर्ग को मिलेगा माताजी के चौके का अवसर। पवन जैन संगम ने बताया कि मंगलवार आठ अक्टुम्बर जैन अल्टीमेट का चौका गांधी पार्क जैन मंदिर मे लगाया जायेगा। जिसमे पुरूष ही माताजी का आहार तैयार करेगें तो पुरूष ही चौका करेगें। सम्पूर्ण कार्यक्रम मे महिलाओं का प्रवेश निषेध रहेगा। महिलाऐं महज आहार क्रिया देख सकती है ऐसा पहली बार होगा।

### पुण्यतिथि पर किया वृक्षारोपण

**कोटपूतली।** कस्बे के नागाजी की गौर स्थित मोक्ष धाम में शुक्रवार को टीम स्वच्छता सेवा दल संयोजक प्रवीण बंसल के पिताजी की 09 वीं पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण किया गया। बंसल ने कहा कि पिताजी की याद में वृक्ष लगाना हमें ना केवल उनकी स्मृति को जीवित रखने में मदद करेगा, बल्कि पर्यावरण को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्षद प्रमोद गुरूजी ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुण्य आत्मा की पुण्यतिथि को एक सार्थक और यादगार तरीके से मनाना और नई पीढ़ी को ग्लोबल वार्मिंग से सचेत करना था। इस तरह के आयोजनों से लोगों में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस दौरान अशोक शर्मा, प्रमोद टेलर, दयाराम कुमावत, अमित सैनी, हेमंत मोरीजावाला, गिरवर शर्मा, अभिषेक मोरीजावाला, राजेश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

### आधार शिला रखी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम हांसपुर की श्रीराम गऊ नंदीशाला गौशाला की चार दिवारी की आधार शिला संतों के सानिध्य में रखी गई।कालिया हनुमान मंदिर व सती चामुंडा माता मंदिर के महंत की मौजूदगी में गौशाला की चार दिवारी की नींव की आधारशिला रखी गई। इस दौरान पंडित सुनिल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई।

# बालाजी मंदिर में भागवत कथा सुनने श्रृद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

- कार्यक्रम में भक्तिमय भजनों पर थिरके श्रृद्धाल
- परमात्मा की कृपा से मिले मानव जीवन को नहीं गंवाएं व्यर्थः भागवताचार्य
- आस्था के साथ लगन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए

**सिकराय, ( निसं)।** शारदीय नवरात्रों में गीजगढ़ कस्बे के आस्था धाम बांकली बालाजी मंदिर पर आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथा सुनने के लिए श्रृद्धालुओं की जोरदार भीड़-भाड़ रहने से पांडाल खचाखच भरा रहा। वहीं कथा वाचक जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री अनंत श्याम देवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है।

कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ने धर्म,कर्म के साथ शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के बिना भी जीवन अधुरा रहता है। ऐसे में मानव जीवन में शिक्षा का होना भी अतिआवश्यक है नहीं तो असाक्षर मनुष्य पशु के समान समझा जाता है। इसलिए धर्म के साथ-साथ बालकों को शिक्षा की ओर बढ़ावा देना चाहिए। ताकि बालक पढ़ेंगे तो उच्च शिक्षा प्राप्त कर अच्छी नौकरी लगकर माता-पिता सहित गांव का नाम रोशन कर पाएंगे।

साथ ही विधार्थियों को भी भगवान में आस्था के साथ लगन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। कथा के दौरान भागवताचार्य के द्वारा संगीतमय भजनों पर महिलाओं ने नृत्य भी किया। भागवत कथा के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर पर रंग-बिरंगी लाईटों से सजावट की गई है।



श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथा सुनने के लिए श्रृद्धालुओं की जोरदार भीड़।

### राम जन्म देख भाव विभोर हुये श्रोता

**मालपुरा, (निसं)।** दशहरा महोत्सव एवं रामलीला आयोजन समिति व नगरपालिका मंडल मालपुरा के संयुक्त तत्वाधान मे महेश सेवा सदन मे आयोजित रामलीला महोत्सव के दुसरे दिन रामजन्म के सुन्दर व मार्मिक दृश्यो को देख श्रोता हुये भाव विभोर। रामलीला के दुसरे दिन राम जन्म की मनमोहक झांकी के साथ दिये गये संगीतमय प्रस्तुतीकरण ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मर्यादा पुरूषोतम श्री राम सहित चारो भाईयो के बाल स्वरूप की सजीव झांकी के आकर्षण का केन्द्र रही। व्यास पीठ पर सुशोभित भगवत किशोर व्यास श्रीधाम वृन्दावन के मुर्खाबिन्द से लीलाओं के दौरान एक से बढकर एक सजीव झांकियां व उनमे पात्र बने बृज माधुरी लीला संस्थान वृन्दावन के कलाकारो की मधुर वाणी से श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये। हिमालय पर्वत की कंदराओं मे नारदमुनी की तपस्या को भंग करने के लिये कामदेव द्वारा रची गई लीलाओं के बावजूद नारदमुनी की तपस्या भंग नही होने जैसे दृश्यो का मंचन किया गया।

### रामलीला का शुभारंभ

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** नगर पालिका मुख्यालय बौंली के शिव बगीची प्रांगण में श्री राम कला मंडल द्वारा नवरात्रा स्थापना के साथ ही ध्वज पूजन व गणेश वंदना के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका चैयरमेन कमलेश देवी जोशी ने रामलीला रंगमंच पर ध्वज पूजन करवाया कर रामलीला का शुभारंभ कराया रामलीला मंचन के दौरान मंच पर योगेंद्र कुमार शर्मा ने भगवान की आरती की। प्रथम दिवस नारद मोह एवं रावण कुंभकरण व विभीषण की तपस्या कर ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करने एवं मेघनाथ द्वारा इंद्र आदि देवताओं को बंदी बनाकर ले जाने का दृश्य दिखाया गया। रामलीला मंचन से पूर्व सभी सदस्यों ने राम कला मंडल के संस्थापक स्वर्गीय पंडित हरिनारायण जी, दीनदयाल जी एवं रामनिवास जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधित रहे पूर्व में रामलीला का कार्यक्रम सबसे ज्यादा वर्षों तक आजाद चौक मुख्यालय पर होता था।

# सरकारी स्कूलों में 62.25 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

- यूडीएच मंत्री खर्रा का प्रतिनिधि एवं विधानसभा प्रभारी अजय सिंह खर्रा ने तीन सरकारी स्कूलों में लाखों रूपयों के विकास कार्यों की सौगात दी

**श्रीमाधोपुर, ( निसं)।** शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों के नये आयाम स्थापित करते हुए यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा का प्रतिनिधि एवं विधानसभा प्रभारी अजय सिंह खर्रा ने तीन सरकारी स्कूलों में लाखों रूपयों के विकास कार्यों की सौगात देते हुए विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

स्कूलों में विज्ञान,कला और कंप्यूटर लैब तथा कक्षों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक संसाधन और आधुनिक शिक्षा का लाभ देना है।

राउमावि भारणी में 15.93 लाख की लागत से साइंस लेब के निर्माण कार्य,राउमावि हांसपुर में 12.89 लाख की लागत से आर्ट एंड क्राफ्ट रूम निर्माण कार्य तथा राउमावि फूटाला में 33.43 लाख की लागत से साइंस लेब और पुस्तकालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं अजितगढ़ रा. उ. मा.वि में 13.67 लाख की लागत से कंप्यूटर लैब/कक्ष के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजीतगढ़ में 17.81 लाख की लागत से 61 मेधावी छात्र-छात्राओं को डिजिटल टेबलेट का वितरण भी किया गया। सभी जगहों पर समारोह पूर्वक शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंत्री प्रतिनिधि एवं प्रभारी अजय सिंह खर्रा का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। अजय सिंह खर्रा ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो किसी भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मंत्री महोदय अपने क्षेत्र के बच्चों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प हैं। यह शिलान्यास और विकास कार्य इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।


स्कूलों में विज्ञान,कला और कंप्यूटर लैब तथा कक्षों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

## कार्मिकों को प्रभावी कार्यवाही के दिये निर्देश

- परियोजना निदेशक ने किया उप जिला अस्पताल पावटा का औचक निरीक्षण

**पावटा, (निसं)।** डॉ. रवि प्रकाश माथुर निदेशक जन स्वास्थ्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान सरकार के निर्देश पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर डॉ? रघुराज सिंह परियोजना निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए द्वारा शनिवार को उप जिला अस्पताल पावटा का औचक निरीक्षण किया गया। जानकारी देते हुए रविकांत नोडल अधिकारी सीएमएचओ कोटपुतली बहरोड ने बताया कि राज्य में नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाए एवं मौसमी बीमारियो के प्रभावी बचाव एवं उपचार नियंत्रण संबंधी मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन कार्य हेतु राज्य स्तर से डॉ. रघुराज सिंह को जिला कोटपूतली-बहरोड की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त किया गया है। परियोजना निदेशक डॉ. रघुराज सिंह द्वारा उपजिला अस्पताल पावटा का निरीक्षण किया गया। जहां मौसमी बीमारियों के बचाव एवं उपचार तथा नियंत्रण के संबंध में की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। डॉ. देवेंद्र शर्मा द्वारा संस्था क्षेत्र के डेंगू चिकनगुनिया एवं स्क्रब टाइफस केसों बारे में अवगत करवाया गया।

### पुराना प्रचलित रास्ता खुलवाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इलाके में लगातार एक बाद एक राजस्व विभाग की टीम द्वारा तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में अतिक्रमण पर कार्यवाही कर आमजन को न्याय उपलब्ध करवा रहें हैं।महरोली में वर्षों से अवरुद्ध प्रचलित आम रास्ते को जेसीबी मशीन से खुलवाकर रास्ता सुचारू रूप से शुरू करवाया। तहसीलदार ने बताया कि परिवादी हरेंद्र सिंह द्वारा एक माह पूर्व झाबर सिंह खर्रा को जनसुनवाई में परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया था कि हमारे भाई बंटवारे की जमीन में वर्षों पुराना शामलाती प्रचलित रास्ता था,जिसे सहखातेदारों ने जमीनी विवाद के चलते जेसीबी मशीन से खाई खोदकर व पत्थर डालकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है

## कैंसर जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के गवर्नमेंट कॉलेज में लायंस क्लब एवं कॉलेज प्रशासन की ओर से कैंसर जागरूकता एवं परामर्श विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के खेम सिंह आर्य, आयुर्वेद चिकित्सक भूपेंद्र मीना,डॉ दीपक निनामा एमडीआर एन टी कॉलेज उदयपुर ने कैंसर के लक्षण, स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण सहित अन्य बचाव के बारे में लाभकारी जानकारी दी। इस पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लायंस क्लब सेवा सप्ताह के तहत आयोजित सेमिनार में प्रमुख लोगों सहित विद्यार्थी कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र रहे। इसी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गिरीश गुप्ता ने बताया कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, इसमें कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से असामान्य तरीके से विभाजित होने लगती है।प्राचार्य के एल मीना ने कहां की वर्तमान में सब्जियों में पेस्टिसाइड का उपयोग से कैंसर की संभावनाओं को बल मिला है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ अशोक काकोडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन एन एल वर्मा एवं डॉ आंचल मीणा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भूपेंद्र शर्मा, मदन लाल शर्मा, राजेश शर्मा एवं अन्य क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

### 20 बीघा भूमि पर होगा रावण दहन

**सांभरझील, (निस)।**प्रशासन की ओर से गौरव पथ, नवीन अदालत भवनों के नजदीक नगर पालिका के खाते में खेल स्टेडियम के नाम से 18 बीघा 19 बिस्वा विशाल भूमि पर दशहरा मेला को लेकर तैयारियां जोरों पर है। नीम रोड पर पुराने दशहरा मैदान वर्तमान में मिनी स्टेडियम पर दशहरा मेला देखने के लिए आते रहे हैं।

## वैश्य समाज का डांडिया नृत्य समारोह आयोजित

**टोंक, (निसं)।** शहर के सेवाभावी संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा गत रात्रि अग्रवाल धर्मशाला के प्रांगण में विशाल डांडिया का आयोजन किया गया, जिसमें वैश्य समाज के परिवारों के 500 के लगभग स्त्री, पुरुषों, युवक युवतियों बच्चो गरबा के गीतों पर डंडे खनकाते हुए गरबा रास का आनन्द लिया।

इस भव्य मर्यादित पारिवारिक सामाजिक डांडिया का शुभारंभ रात्रि 8 बजे वैश्य समाज के वरिष्ठ एवम प्रतिष्ठित समाजसेवियों द्वारा जिसमे मणिकांत गर्ग राजेन्द्र गोयल, सुरेंद्र कुमार, पाटनी मुरारी सिंघल, भगवान दास अजमेरा, राजीव सिंघल, राजेश मालपानी, दिनेश पाटोदी, बाबू लाल जेन, सुनील बंसल, प्रवीण बंसल, निर्मल छामुनिया, संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव बंसल, डॉ विशाल अग्रवाल, महिला टीम से स्नेहा बम्ब सीता सिंघल, अमर लता गुप्त ऋचा सिंघल, सुशीला गुप्ता आदि ने द्वीप प्रज्वलन के साथ माँ अम्बे की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के सहयोगियों का शानदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं लक्की ड्रा के माध्यम से प्रतिभागियों को उपहार भेंट किये गए।

### भव्य जुलूस यात्रा आज

**निवाई, (निसं)।** वनस्थली मोड़ से गांव जगतपुरा के भैरवधाम तक भव्य जुलूस यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को दोपहर 2 बजे संत बालकानंद महाराज व संत विवेकानंद महाराज के सानिध्य में वनस्थली मोड़ से भव्य जुलूस यात्रा निकाली जाएगी। श्री देवनारायण मन्दिर जगतपुरा होते हुए भैरव धाम जगतपुरा पर पहुचेगी।

# 12 करोड़ रुपये की लागत के एसटीपी अपग्रडेशन कार्य का लोकार्पण

- केन्द्रीय वन मंत्री ने ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज लगभग 12 करोड रुपये की लागत से अलवर के रामगढ के अग्यारा स्थित एसटीपी प्लांट के अपग्रडेशन कार्य का लोकार्पण किया।

केन्द्रीय वन मंत्री ने कहा कि एसटीपी व ठोस कचरा प्रबन्ध संयंत्र के वर्षो से बन्द होने व आस पास के निवासियों को हो रही परेशानियों के संबंध इस विषय के संज्ञान में आने पर इनको प्राथमिकता पर लिया गया। अब स्थानीय निवासियों को दुर्गन्ध से मुक्ति मिलने के साथ सिंचाई आदि के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। उन्होंने ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि नागपुर के नगर निगम द्वारा संचालित ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र की तर्ज पर इसे संचालित कराने हेतु अलवर नगर निगम की संयंत्रा संचालन फर्म रोल्स मैटेरियल के प्रतिनिधियों को नागपुर विजिट करावे। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि अलवर शहर के सीवरेज के पानी के ट्रीटमेंट एवं ठोस कचरे के निस्तारण के दोनो संयंत्र लम्बे समय से बन्द थे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एसटीपी का अपग्रडेशन कार्य व बन्द ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र रिकॉर्ड समय में पुनः प्रारम्भ हो सका। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ केन्द्र व राज्य सरकार कार्य कर रही है।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा कुल 12 करोड रुपये की राशि से एसटीपी के अपग्रडेशन कार्य हुआ है। जिसमें निर्माण लागत 8.64 करोड रुपये एवं एसटीपी के 10 वर्ष तक आपरेशन एवं मैनटिनेस हेतु 3.17 करोड रुपये का प्रावधान रखा गया है। एसटीपी से अब शोधित पानी 20 बीओडी से घटकर 10 बीओडी हो जाएगा। जोकि दुर्गन्ध रहित होगा तथा उसका उपयोग सिंचाई आदि कार्यो में हो सकेगा।


पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने12 करोड़ रुपये की लागत से अग्यारा स्थित एसटीपी प्लांट के अपग्रडेशन कार्य का लोकार्पण किया।

### बच्चों को कराया कंप्यूटर तकनिकी का ज्ञान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के भ्रमण दल को प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने हरी झंडी दिखाकर यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के अवलोकन हेतु रवाना किया। दल प्रभारी पूनम पारीक ने बताया कि इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रोफेसर आशुतोष गौतम, महेश कुमार जाट, विष्णु शर्मा व बाबूलाल शर्मा के द्वारा बच्चों को आईटी लैब,सोलर लैब, मैकेनिकल लैब, तथा इलेक्ट्रिकल लैब का निरीक्षण करवाया गया और उनके बारे में जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं का कौशल विकास एवं कंप्यूटर तकनिकि के बारे में बताया गया। बच्चों के दल का नेतृत्व उपप्राचार्य विनोद कुमार यादव, चंद्रभान बडसेवाल, व्याख्याता अनिल कुमार जांगिड़, राहुल कुमार सांखला, प्र.स.भूपेंद्र योगी, व्यावसायिक शिक्षक रघुवीर गुर्जर एवं लक्ष्मी नागर ने किया।

## सार-समाचार

### 'औषधीय पौधे गुणों का हैं भण्डार'



**निवाई, (निसं)।** भारतीय शिक्षा प्रचार समिति के द्वारा संचालित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर झिलाय में औषधीय पादप प्रदर्शनी आयोजित हुई जिसमें बाल वैज्ञानिको ने औषधिय पौधों की उपयोगिता पर जानकारी दी। प्रदर्शनी में विद्या भारती संस्थान जयपुर के प्रान्तीय पर्यावरण संयोजक कजोड़मल गुर्जर ने कहा कि औषधीय पौधे गुणों का भण्डार है, इनका संरक्षण करना एवं इनकी उपयोगिता की जानकारी आम जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है ताकि हमारे पूर्वजों एवं ऋषि मुनियों द्वारा खोजी गई द्विव्य औषधियों का उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के युग में फसलो एवं सब्जियों में अंधाधुंध कीटनाशी के छिडक़ाव से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, जिससे बचने का उपाय मात्र औषधीय पौधे ही है, प्रत्येक परिवार में हर्बल वाटिका होनी चाहिए। व्यवस्थापक घनश्याम जांगीड़ ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय संस्कार के केन्द्र है, विद्या भारती द्वारा बालकों में बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक विकास की और अग्रसर करने का कार्य कर रही है। समिति अध्यक्ष बद्रीलाल साहू ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों द्वारा शिक्षा के साथ।साथ समाज सेवा का कार्य कर रही है। प्रधानाचार्य विजय सिंह राजावत ने कहा कि बालकों में वैज्ञानिक दृष्ट्रिकोण विकसित करने व सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए औषधीय पादप प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रज्ञा शर्मा प्रथम, एकता जांगीड़ द्वितीय व खुशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पादप सौन्दर्य प्रदर्शनी में दिया यादव प्रथम, महिमा चौधरी द्वितीय एवं लवी चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल व्यवस्थापक योगेन्द्र सिंघल, संकुल निरीक्षक सुरेशचन्द पारीक, प्रधानाचार्य गोविन्दनारायण शर्मा, प्रतियोगिता प्रभारी मनीषा यादव, कृपाशंकर पारीक, राजाराम गुर्जर, रामफूल यादव, भाग्यश्री, शंकरलाल चौधरी, राजेश जांगीड, जितेन्द्र चौधरी, विशाल सिंह व हरिराम गुर्जर सहित कई अभिावक मौजूद थे।

### अन्नकूट महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**पावटा, (निसं)।** अखिल भारतीय जिला वैश्य महासमेलन की ओर से आंतेला स्थित पंसारी रिसोर्ट में शुक्रवार को दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट महोत्सव को लेकर प्रादेशिक पदाधिकारी वैश्य दामोदर अग्रवाल, महिला प्रदेश प्रभारी वैश्य पुष्पा मंगल, महिला अध्यक्ष जयपुर शहर वैश्य उषा गुप्ता, प्रदेश महामंत्री वैश्य केशव गुप्ता की मौजूदगी मे एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वैश्य ललित गोयल ने सभी प्रादेशिक पदाधिकारियों का दुपट्टा माला पहनाकर स्वागत किया। वही बैठक में मुयतः सभी जिला पदाधिकारियों को 24 नवंबर 2०24 रविवार को जयपुर में होने वाले कार्यक्रम दीपावली मिलन, समान समारोह एवं अन्नकूट प्रसाद हेतु समिलित होने हेतु निवेदन किया गया। बैठक में वैश्य केशव गुप्ता प्रदेश महामंत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का संगठित वैश्य सुरक्षित वैश्य की तर्ज पर एक जुट होने का आ ान किया। इस दौरान पावटा तहसील के वैश्यजन मौजूद रहे। वही बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नियुक्तियां की गई जिसमे जिला कार्यकारिणी में संरक्षक निर्मल पंसारी, अध्यक्ष ललित गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भवानी शंकर, उपाध्यक्ष महेश मोदी, उपाध्यक्ष महेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष उमाकांत बंसल, महामंत्री नवीन गर्ग, मंत्री मुकेश कुमार गुप्ता, मंत्री वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, मंत्री गोपाल मंगल, मंत्री धर्मेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश मोदी व तहसील कार्यकारिणी में तहसील अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मोटाका, उपाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, कार्यकारिणी सदस्य पूरण अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य टेसू गोयल, युवा अध्यक्ष विपिन मामोडिया, जिला प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल एडवोकेट रघुनाथपुरा वाले, जिला मीडिया प्रभारी कुशल बिदारिया को नियुक्त किया गया।

### कल्याण दिवस पर कार्यक्रम हुआ

**दौसा।** समाज कल्याण सप्ताह के तहत पंचम दिवस शनिवार को राजकीय सावित्रीबाई कन्या छात्रावास में बालिका एवं महिला कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने बालिकाओं को अपने पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से बार.बार पढ़कर, अच्छा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालिकाओं के द्वारा किए गए विभिन्न जिज्ञासा प्रश्नों का समुचित समाधान करते हुए, उन्हें बेहतर ाविष्य निर्माण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति सदस्य सोनिका शर्मा ने बालिकाओं को गुड टचए बेड टच एवं विभिन्न प्रकार के आत्मरक्षा प्रयासों की व्यावहारिक जानकारी दी। समाज कल्याण विााग के सहायक निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने बालिकाओं को मनोवैज्ञानिक रूप से अपने अध्ययन कार्य के साथ.साथ पारिवारिक व सामाजिक कार्य में अपना अमूल्य योगदान देते हुएए एक सय एवं सुसंस्कृत नई पीढ़ी तैयार करने में अपनी ाूमिका निााने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आनंद शर्मा बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोष मीणा ने ाी बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। महिला अधिकारिता विााग की प्रतिनिधि आशा शर्मा ने ाी बालिकाओं को बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ के कार्य को सफल बनाने की अपील की।

### पदयात्रा गाजें बाजें के साथ हुई रवाना

**पीपलू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के प्रमुख जन आस्था का केंद्र बगडवा बालाजी मंदिर में नवरात्र के पावन दिनों में बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहें हैं। कई श्रद्धालु मन्नत मांगने पहुंच रहे हैं। तो कई मन्नत पुर्ण होने पर कन डंडवत लगा कर तो कई पैदल आ रहे है। वहीं पदयात्रा में शामिल होकर बालाजी के दर्शन करने पहुंचे रहे हैं। जिससे बालाजी मंदिर में मेले जैसा माहौल बना हुआ है। शनिवार को इनायत गज से प्रथम ध्वज पदयात्रा रवाना हुई। पद यात्रियों ने बगडवा बालाजी महाराज के जयकारे लगाए जिससे गांव का माहोल धर्म मय हो गया। इस दौरान पदयात्री बालाजी के भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। पदयात्रा का समापन बालाजी बगडवा मन्दिर में पहुंच कर अखंड रामधुनि करते हुए बालाजी के दर्शन कर बालाजी मंदिर में प्रसाद का भोग लगाकर पंगत प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इसी प्रकार बनवाड़ा से भी पदयात्रा बालाजी बगडवा धाम पर पहुंची। पदयात्रा में ग्रामीण भजनों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान पद यात्री रामधुनि बोलते हुए चल रहे थे। इस दौरान पूर्व सरपंच रामलाल मीणा, हरी मीणा, तोपान मीणा, देशराज मीणा, रतन मीणा, नवरतन, रामप्रसाद मीणा, सुरज मीणा व महावीर कुमावत बनवाड़ा सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

### मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा कैम्प आज

**निवाई, (निसं)।** अपेक्स हॉस्पिटल व लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डाक बंगले में मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया जाएगा। क्लब सचिव लॉयन महेन्द्रकुमार जैन लावा ने बताया कि मल्टी स्पेशलिटी कैम्प में न्यूरोलोजी विशषेज्ञ डॉ. पृथ्वी गिरी, फिजो थैरेपीस्ट डॉ. साहिल खान, जनरल चिकित्सक डॉ. संजीव सक्सेना, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अवदेश जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीना मंगल व होम्योपेथिक चिकित्सक डॉ. अजय सोगाणी द्वारा रोगियों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, इसीजी, वजन सहित कई प्रकार की जांचे निःशुल्क की जाएगी।

### सह शैक्षिक गतिविधियां आयोजित

**निवाई, (निसं)।** शनिवार को नो बैग डे पर उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर की शिशु वाटिका में अनेक सह शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिशु वाटिका प्रभारी शिवराज पाराशर ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा के निर्देशन में प्रत्येक शनिवार को नो बैग डे मनाया जाता है। इसको लेकर शनिवार को सह शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें भैया बहिनों को कई खेल खिलाए गए। उन्होंने बताया कि सह शैक्षिक गतिविधियों में मिट्टी के लड्डू बनवाना, हनुमान दौड़, बॉल पास करना व नमस्ते जी करने सहित कई अन्य खेल खिलाए गए।

### जाप अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में बालयोगी अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में दश दिवसीय श्री णमोकार मंत्र विधान एवं अखंड णमोकार जाप अनुष्ठान का आयोजन किया गया।